## Tuesday, 24 February 2026

**1. हाल ही में 2025 के यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कारों में सम्मानित आवर लेडी ऑफ ग्रेस कैथेड्रल महाराष्ट्र के किस जिले में स्थित है?**

(A) ठाणे (B) पालघर
(C) रायगढ़ (D) रत्नागिरि

**2. AIMA द्वारा आयोजित 2026 मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर किसे चुना गया?**

(A) सुनील भारती मित्तल (B) वी वैद्यनाथन
(C) करण अडानी (D) हर्ष मारीवाला

**3. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने भारत के प्रथम समर्पित क्वांटम एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्वविद्यालय परिसर की स्थापना हेतु किस राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?**

(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु
(C) तेलंगाना (D) आंध्र प्रदेश

**4. हाल ही में, भारत ने फरवरी 2026 में किस देश के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए?**

(A) दक्षिण अफ्रीका (B) ब्राजील
(C) जापान (D) जर्मनी

**5. 2026 में मणिपुर के चुराचांदपुर में मनाए गए जोमी राष्ट्रीय दिवस का कौन सा संस्करण था, जिसने जोमी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान और एकता को उजागर किया?**

(A) 75वाँ (B) 76वाँ
(C) 77वाँ (D) 78वाँ

**6. किस केंद्रीय मंत्री ने असम के कछार जिले के नाथनपुर गांव में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II (VVP-II) लॉन्च किया?**

(A) अमित शाह (B) नितिन गडकरी
(C) राजनाथ सिंह (D) पीयूष गोयल

**7. ऑस्ट्रेलिया के किसी भी इलाके में H5 एवियन इन्फ्लूएंजा से इन्फेक्टेड होने वाली पहली पक्षी प्रजाति कौन सी है?**

(A) एम्परर पेंगुइन (B) किंग पेंगुइन
(C) जेंटू पेंगुइन (D) एडेली पेंगुइन

**8. भारत ने हाल ही में किस मैरीटाइम फोरम की चेयरमैनशिप संभाली है?**

(A) इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन
(B) बे ऑफ़ बंगाल इनिशिएटिव
(C) ASEAN मैरीटाइम फोरम
(D) इंडियन ओशन नेवल सिंपोजियम

**9. ग्लोबल AI ब्रेन रेस रिपोर्ट 2026 में भारत का रैंक क्या है?**

(A) चौथा (B) पांचवां
(C) छठा (D) सातवां

**10. 79वें BAFTA अवार्ड्स (2026) में किस भारतीय फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म का अवार्ड जीता?**

(A) बूंग (B) सेंटिमेंटल वैल्यू
(C) आई स्वेयर (D) माई फादर्स शैडो

**1-{B} - 2-{C} - 3-{D} - 4-{B} - 5-{D} - 6-{A} - 7-{C} - 8-{D} - 9-{C} -10-{A}**

Tuesday, 24 February 2026

## मराठा साम्राज्य, संत परंपरा और शिवाजी की प्रशासनिक एवं कर व्यवस्था

### महाराष्ट्र के प्रमुख संत

- **ज्ञानेश्वर (1275–1296 ई.)**
  - महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन के जनक माने जाते हैं।
  - मराठी भाषा और साहित्य के विकास में योगदान।
  - प्रसिद्ध ग्रंथ: *भावार्थ दीपिका (ज्ञानेश्वरी)*
- **नामदेव (1270–1350 ई.)**
  - विट्ठल के भक्त।
  - अभंग रचनाओं के लिए प्रसिद्ध।
- **एकनाथ (1533–1599 ई.)**
  - रामायण पर मराठी टीका लिखी।
  - भक्ति और समाज सुधार में योगदान।
- **तुकाराम (1598–1650 ई.)**
  - अभंग रचनाएँ।
  - समाज सुधारक संत।
- **रामदास (1608–1681 ई.)**
  - शिवाजी के आध्यात्मिक गुरु माने जाते हैं।
  - दासबोध ग्रंथ की रचना।

### मराठा राज्य के क्षेत्र

- **स्वराज्य** – वे क्षेत्र जो सीधे मराठों के नियंत्रण में थे।
- **मुगलई (मुल्क-ए-कब्जा)** – वे क्षेत्र जहाँ से मराठे चौथ और सरदेशमुखी वसूलते थे।

### महत्वपूर्ण कर

- **चौथ** – राज्य की आय का 1/4 भाग (25%)
- **सरदेशमुखी** – कुल आय का 10% अतिरिक्त कर
- **अष्टप्रधान मंडल (मंत्री परिषद)**
- **अष्टप्रधान मंडल – पद एवं कार्य**
- **पेशवा (प्रधानमंत्री)**
- राज्य का मुख्य कार्यकारी अधिकारी
- राजा के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद
- प्रशासन का समन्वय एवं संचालन
- सैन्य और राजनीतिक निर्णयों में सहयोग

### सेनापति

- सेना का प्रधान अधिकारी
- युद्ध संचालन और सैनिक व्यवस्था
- किलों की सुरक्षा की देखरेख

### अमात्य (मजूमदार)

- वित्त विभाग का प्रमुख
- आय-व्यय का लेखा-जोखा
- राजकोष की देखरेख

### सुमंत (दबीर)

- विदेश विभाग का प्रमुख
- अन्य राज्यों से कूटनीतिक संबंध
- संधि एवं वार्ता का संचालन

### सचिव (सचिव/शूरनवीस)

- शासकीय दस्तावेजों की तैयारी
- आदेश-पत्र और अभिलेखों का संधारण
- प्रशासनिक पत्राचार

### पंडितराव

- धार्मिक मामलों का प्रमुख
- दान एवं धर्मार्थ कार्यों की देखरेख
- धार्मिक नीतियों का संचालन

### न्यायाधीश (न्यायाधीश/दंडाध्यक्ष)

- न्याय विभाग का प्रमुख
- दीवानी और फौजदारी मामलों का निर्णय
- कानून व्यवस्था बनाए रखना

### मन्त्री (वाकिया-नवीस)

- राजकीय घटनाओं का लेखा-जोखा
- गुप्त सूचनाओं का संकलन
- दरबार की गतिविधियों का अभिलेखन

- **शिवाजी की कर व्यवस्था**

> **शिवाजी** की कर-व्यवस्था मुख्यतः **भूमि कर** पर आधारित थी।

- भूमि माप की नई पद्धति लागू की।
- काठी और मानक छड़ी द्वारा माप।
- 1679 ई. में अन्नाजी दत्तो द्वारा भूमि सर्वेक्षण।
- राज्य का हिस्सा लगभग 33% से बढ़ाकर 40% किया गया।
- 1664 और 1670 में सूरत पर आक्रमण।

# TODAY IN HISTORY QUIZ

Tuesday, 24 February 2026

**जयललिता का जन्म 24 फ़रवरी सन 1948 को मैसूर में मांडया ज़िले के मेलुरकोट गाँव में एक "अय्यर परिवार" में हुआ था। जयललिता जयराम तमिलनाडु की मुख्यमंत्री एवं ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम पार्टी की प्रसिद्ध नेता थीं। वे तमिल फ़िल्मों की अभिनेत्री भी रही थीं।**

**1822 -** दुनिया के पहले स्वामी नारायण मंदिर का अहमदाबाद में उद्घाटन हुआ।
**1831 -** दा ट्रीटि ऑफ़ डासिंग रेबिट क्रीक वह पहली संधि है जिसे भारतीय रिमूवल एक्ट से हटाने की घोषणा की गयी।
**1882 -** संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान आज ही के दिन की गई थी।
**1984 -** भारत की टेबल टेनिस खिलाड़ी मौउमा दास का जन्म हुआ।
**1998 -** हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ललिता पवार का निधन हुआ।
**2008 -** मुम्बई की शगुन साराभाई ने जोहांसवर्ग में मिस इण्डिया वर्ल्ड वाइड का खिताब जीता।



Pariksha Marg
@parikshamarg
www.parikshamarg.in
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Install the Pariksha Marg App to get free daily current affairs.

# DAILY QUANT QUIZ

## Tuesday, 24 February 2026

**1. एक दुकानदार ने अपने सामान को क्रय मूल्य से 40% अधिक अंकित किया और 20% की छूट देने के बाद उसे बेचते समय x% का लाभ अर्जित किया। यदि दुकानदार (x + 12)% का लाभ अर्जित करना चाहता है, तो उसके द्वारा दी गई छूट ज्ञात करें। (2 दशमलव स्थान तक सही)।**

**(A)** 12.50% **(B)** 11.42%

**(C)** 14.23% **(D)** 13.09%

**2. दो साझेदार 'A' और 'B' ने क्रमश: Rs. 1,00,000 और Rs. 68,000 का निवेश किया और वे इस बात पर सहमत हैं कि लाभ का 50% उनके बीच समान रूप से विभाजित किया जाना चाहिए और शेष लाभ को पूंजी पर ब्याज के रूप में माना जाना चाहिए। यदि एक भागीदार को अन्य से Rs.500 अधिक प्राप्त होता तो ज्ञात करें कि पूंजी पर ब्याज के लिए कितनी राशि रखनी चाहिए।**

**(A)** Rs. 2000 **(B)** Rs. 2625

**(C)** Rs. 2530 **(D)** Rs. 2550

**3. 'A', 'B' और 'C' की आय का अनुपात क्रमशः 5:6:7 है और उनके व्यय का अनुपात क्रमशः 4:5:7 है। यदि कुल Rs. 4900 में से 'C' Rs. 700 बचाता है,, तो 'A' की बचत ज्ञात करें।**

**(A)** Rs. 700 **(B)** Rs. 1100

**(C)** Rs. 1000 **(D)** Rs. 800

**4. एक व्यक्ति ने x% प्रति वर्ष के साधारण ब्याज पर Rs. 2000 निवेश किए और 8 साल बाद Rs.4000 प्राप्त किए। साथ ही, उन्होंने योजना 'A' में (x + 2.5)% प्रति वर्ष के साधारण ब्याज पर 5 वर्ष के लिए Rs. 5500 जमा किए। उसे योजना 'A' से प्राप्त कुल राशि ज्ञात करें।**

**(A)** Rs. 6250 **(B)** Rs. 5500

**(C)** Rs. 9625 **(D)** Rs. 6855

**5. नीचे दी गई तालिका चार अलग-अलग वर्षों में छह अलग-अलग क्षेत्रों में एक कंपनी के व्यय (लाख में) को दर्शाती है।**

| वर्ष | व्यय (लाख में) पर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वेतन | परिवहन | बोनस | टैक्स | उपकरण | किराया |
| 2001 | 146 | 12 | 3.4 | 16 | 14.35 | 1.25 |
| 2002 | 182 | 19.50 | 3.7 | 21 | 9.85 | 2.55 |
| 2003 | 204 | 15 | 4.8 | 23 | 8.20 | 2.0 |
| 2004 | 248 | 18 | 7.6 | 30 | 5 | 2.8 |

दी गई अवधि के दौरान कंपनी द्वारा भुगतान की गई बोनस की कुल राशि दी गई अवधि के दौरान भुगतान की गई कुल वेतन राशि का लगभग कितना प्रतिशत है?

**(A)** 5% **(B)** 2.5%

**(C)** 3.5% **(D)** 4%

**6. एक मछुआरे द्वारा एक सप्ताह में मछली पकड़ने की औसत मात्रा 100 किग्रा है। सप्ताह के पहले तीन दिनों में उसके द्वारा की गई मछली पकड़ने की कुल मात्रा 400 किग्रा है और पिछले तीन दिनों में उसके द्वारा की गई मछली पकड़ने की औसत मात्रा 80 किग्रा है। सप्ताह के चौथे दिन उसके द्वारा पकड़े गए मछली की मात्रा ज्ञात करें।**

**(A)** 50 किग्रा **(B)** 60 किग्रा

**(C)** 30 किग्रा **(D)** 48 किग्रा

**7.** यदि $a^2 + b^2 + c^2 + 243 = 9(2a - 2b + 2c)$, तो $ab + 9a + \sqrt{\left\{ca + \frac{(a-b)c}{2} + 7\right\}}$ का मान है:

**(A)** 17 **(B)** 13

**(C)** 6 **(D)** 11

**8. यदि $a^3 + b^3 = 4160$ और $a + b = 20$, तो $\{(a + b)^2 - 3ab\}$ का मान ज्ञात करें।**

**(A)** 324 **(B)** 416

**(C)** 104 **(D)** 208

**9. $\tan 37^\circ \tan 28^\circ \tan 53^\circ \tan 62^\circ$ =?**

**(A)** $\sqrt{3/2}$ **(B)** 1/2

**(C)** 1 **(D)** $1/\sqrt{2}$

**1-{B}-2-{B}-3-{B}-4-{C}-5-{B}-6-{B}-7-{B}-8-{D}-9-{C}**

# DAILY ENGLISH VOCAB QUIZ

**Tuesday, 24 February 2026**

## (VOCABULARY)

**1. Internalize** - भली

**Definition:** make (attitudes or behavior) part of one's nature by learning or unconscious assimilation.
**Synonyms:** assign, impute, attribute.
**Antonyms:** cheerfulness, promote, Encourage, increase
**Usage:** people learn gender stereotypes and **internalize** them

**2. Stalking** – अकड़

**Definition:** stride somewhere in a proud, stiff, or angry manner.
**Synonyms:** angry, bitter, irate, irritable.
**Antonyms:** calm, happy, peaceful.
**Usage:** without another word she turned and **stalked** out

**3. Efficacy** – प्रभावोत्पादकता

**Definition:** the ability to produce a desired or intended result.
**Synonyms:** adequacy, ability, power, vigor.
**Antonyms:** inadequacy, failure, week.
**Usage:** there is little information on the **efficacy** of this treatment

**4. Apocalypse** - कयामत

**Definition:** an event involving destruction or damage on a catastrophic scale.
**Synonyms:** damage, demolish, destroy
**Antonyms:** encourage, build up.
**Usage:** the apocalypse of World War II

## (WORD SUBSTITUTION)

**5.** A number of soldiers- **Battalion** पलटन

**6.** A number of people gathered together for a purpose- **Assembly** सभा

## (MISSPELT WORDS)

**Find the correctly spelt word.**

**7. (A)** Spectetors **(B) Spectators**
**(C)** Spectaters **(D)** Spactators

**8. (A)** Ethnolugist **(B)** Ethnulogist
**(C) Ethnologist** **(D)** Ethnoligist

## (IDIOMS AND PHRASES)

**9. Make headway** उन्नति करना

**Meaning** - Progress in what you are trying to achieve.
**Example** - The police have made headway with their investigation in the terror attack on the city last Friday.

**10. Punch above one's weight** अपनी क्षमता

**Meaning** - Performing beyond your ability.
**Example** - He was not the best swimmer around but he could win the gold medal at the state swimming competition by working hard and punching above his weight in the finals.

Pariksha Marg
@parikshamarg
www.parikshamarg.in
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Install the Pariksha Marg App to get free daily current affairs.

## Tuesday, 24 February 2026

**1. व्हाइट हंपबैक 'माहिना' ने वर्ल्ड नेचर फोटोग्राफी अवार्ड्स 2026 में ग्रैंड प्राइज़ जीता। पुरस्कार और सम्मान के संदर्भ में हमें बताएं, निम्नलिखित में से किस पुस्तक को 2021 अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया था?**
**(A)** ऐट नाइट ऑल ब्लड इज ब्लैक
**(B)** द डैन्जर्स ऑफ स्मोकिंग इन बेड
**(C)** वेन वी सीस टू अन्डर्स्टैन्ड द वर्ल्ड
**(D)** द वॉर ऑफ द पुअर

**2. ओडिशा सरकार महिला सुरक्षा पर 117 करोड़ रुपये खर्च करेगी। उसी के सन्दर्भ में बताएं कि निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम दहेज प्रथा पर रोक लगाने के लिए बनाया गया है?**
**(A)** दहेज निषेध अधिनियम, 1971
**(B)** दहेज निषेध अधिनियम, 1961
**(C)** दहेज निषेध अधिनियम, 1951
**(D)** दहेज निषेध अधिनियम, 1967

**3. केंद्र ने 2025-26 के लिए गन्ने का दाम 4.41% बढ़ाकर ₹355 प्रति क्विंटल कर दिया है। उसी के संदर्भ में हमें बताएं, बिहार की मुख्य नकदी फसल कौन सी है?**
**(A)** रबड़ **(B)** गन्ना
**(C)** चाय **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**4. एशिया का सबसे बड़ा आदिवासी उत्सव, सम्मक्का-सरलम्मा जतरा, तेलंगाना में शुरू हुआ। उसी के सन्दर्भ में बताइये दापा प्रथा किस जनजाति में प्रसिद्ध है?**
**(A)** भील **(B)** गोंड
**(C)** कोरकू **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**5. भारत 6.7 मिलियन किलोमीटर कवरेज के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क बन गया है। उसी के सन्दर्भ में बतायें कि भारत की सड़क व्यवस्था का विश्व में कौन सा स्थान है?**
**(A)** पाँचवा **(B)** चौथा
**(C)** दूसरा **(D)** छठा

**6. हाल ही में, भारत के प्रधान मंत्री ने मिजोरम के राज्य दिवस (20 फरवरी) पर वहां के लोगों को शुभकामनाएं दीं। निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -**
**(1) छठी अनुसूची के तहत मिज़ोरम को "आदिवासी क्षेत्र" के रूप में नामित किया गया है।**
**(2) मिजोरम राज्य का औपचारिकीकरण 20 फरवरी 1960 को हुआ।**
**(3) मिज़ो हिल्स क्षेत्र असम के भीतर लुशाई हिल्स जिला बन गया।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**
**(A)** केवल (1) और (3) **(B)** केवल (1) और (2)
**(C)** केवल (2) और (3) **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**7. हाल ही में, भारत के प्रधान मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों को राज्य दिवस पर शुभकामनाएं दीं।**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -**
**(1) 1914 में, शिमला संधि ने तिब्बत और नेफा के बीच सीमा की स्थापना की।**
**(2) 1962 से पहले, अरुणाचल प्रदेश मिजोरम के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र में था।**
**(3) 20 फरवरी 1987 को अरुणाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**
**(A)** केवल (1) और (3) **(B)** केवल (1) और (2)
**(C)** केवल (2) और (3) **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**8. भारत के डिजिटल स्किलिंग आंदोलन को तेज़ करने के लिए 'बढ़ना है तो यहाँ जुड़ना है' कैंपेन शुरू किया गया। निम्नलिखित में से कौन सा/से भारत सरकार की "डिजिटल इंडिया" योजना का लक्ष्य है/हैं?**
**(1) चीन की तरह भारत की अपनी इंटरनेट कंपनियों का गठन हुआ।**
**(2) बड़े डेटा एकत्र करने वाले विदेशी बहुराष्ट्रीय निगमों को हमारी राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के भीतर अपने बड़े डेटा केंद्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक नीतिगत ढांचा स्थापित करें।**
**(3) हमारे कई गांवों को इंटरनेट से जोड़ें और हमारे कई स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख पर्यटन केंद्रों में वाई-फाई लाएं।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से सही है/हैं?**
**(A)** केवल (1) **(B)** केवल (1) और (2)
**(C)** केवल (3) **(D)** इनमे से कोई भी नहीं

**1-{A} - 2-{B} - 3-{B} - 4-{A} - 5-{C} - 6-{A} - 7-{A} 8-{C}**

**Tuesday, 24 February 2026**

# आर्थिक सर्वेक्षण




## समाचार में क्यों?

**केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री** ने **संसद** में **आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26** प्रस्तुत किया, जिसमें **भारत की आर्थिक सुदृढ़ता** को रेखांकित किया गया और बताया गया कि **वैश्विक अनिश्चितताओं** के बावजूद अर्थव्यवस्था **स्थिर**, **निवेश-अनुकूल** तथा **संरचनात्मक रूप से मजबूत होती हुई** बनी हुई है।

**अर्थप्रकाशक: -**

***अवलोकन:***

- भारत का आर्थिक सर्वेक्षण भारत सरकार के **वित्त मंत्रालय** द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला एक वार्षिक दस्तावेज है।
- इसे केंद्रीय बजट से ठीक पहले बजट सत्र के दौरान संसद के **दोनों सदनों में प्रस्तुत** किया जाता है।
- यह सर्वेक्षण भारत के **मुख्य आर्थिक सलाहकार** के मार्गदर्शन में तैयार किया जाता है।

***इतिहास:***

- पहला आर्थिक सर्वेक्षण **1950-51 में केंद्रीय बजट** के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया गया था।
- 1964 के बाद, इसे बजट से अलग कर दिया गया और बजट से पहले **हर साल प्रस्तुत किया जाने लगा।**

***विषयवस्तु:***

- यह सर्वेक्षण पिछले वित्तीय वर्ष में **भारतीय अर्थव्यवस्था** में हुए विकास की समीक्षा करता है।
- यह दस्तावेज़ अर्थव्यवस्था की अल्पकालिक से मध्यम अवधि की **संभावनाओं का भी आकलन** करता है।

***उल्लेखनीय बहिष्करण:***

- मुख्य आर्थिक सलाहकार **अरविंद सुब्रमण्यन** द्वारा तैयार 2016-17 के आर्थिक सर्वेक्षण में विस्तृत वित्तीय आँकड़े शामिल नहीं थे।

***आर्थिक सर्वेक्षण की तैयारी:***

- आर्थिक सर्वेक्षण आर्थिक मामलों के विभाग के **आर्थिक प्रभाग** द्वारा तैयार किया जाता है।
- यह प्रभाग महत्वपूर्ण आर्थिक नीति मुद्दों पर विशेषज्ञ सलाह प्रदान करता है, **घरेलू और बाहरी आर्थिक विकास** की निगरानी करता है, और मैक्रो प्रबंधन, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे से संबंधित नीतिगत उपायों पर सलाह देता है।

***मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) की भूमिका:***

- आर्थिक सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार के **समग्र मार्गदर्शन** में तैयार किया जाता है।
- वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के इनपुट सर्वेक्षण में शामिल किए जाते हैं, और **अंतिम संस्करण की वित्त सचिव** द्वारा जांच की जाती है और केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

***आर्थिक जनगणना:***

- 1976 में, भारत सरकार ने **आर्थिक जनगणना और सर्वेक्षण** नामक एक योजना शुरू की।
- 1977 में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में **अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय** (डीईएस) के सहयोग से पहली आर्थिक जनगणना की।
- हाल ही में 7वीं **आर्थिक जनगणना** वर्ष 2019-2020 में शुरू हुई।
- मंत्रालय ने फील्डवर्क और डेटा संग्रह के लिए कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), एक **ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड** को नियुक्त किया।